हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 4 जुलाई 2025



06 विधायक ने पत्रकार भवन का निरीक्षण किया...



07 कीचड़ के भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हो ...



## खबर संक्षेप

### मूंग बेचने पंजीयन की अतिम तारीख 5 जुलाई

**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित की गई है। निशुल्क पंजीयन एमपी किसान एप, पंचायत, तहसील कार्यालय और 11 पंजीयन केन्द्रों पर किया जा सकता है। विपणन सहकारी समितियों के केन्द्रों पर सिकमी, बटाईदार, कोटवार और वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन होगा। सशुल्क पंजीयन एमपी ऑनलाइन, लोक सेवा केंद्र, सीएससी कियोस्क और साइबर कैफे पर भी होगा। किसानों से आधार, बैंक खाता और मोबाइल नंबर लिंक कराने की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए कंट्रोल रूम नंबर 07592-233153 है।

### 3 लाख 77 हजर पौधे लगाए, प्रदेश में अव्वल

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की निगरानी व मार्गदर्शन में क्रियान्वित एक पेड़ मां के नाम अभियान में विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल है। जिले में इस वर्ष अब तक 3 लाख 77 हजार 695 पौधे 27 साइड पर लगाएं जा चुके हैं। गौरतलब हो कि जिले में 9 लाख 61 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### कोचिंग के लिए 9 तक कर सकते हैं आवेदन

**विदिशा।** आकांक्षा योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए जेईई, नीट और सीएलईटी की निःशुल्क आवासीय कोचिंग हेतु ऑनलाइन आवेदन 9 जुलाई तक एमपी टास्क पोर्टल (www. tribal.mp. gov.in) पर किए जा सकते हैं। योजना में मध्यप्रदेश के मूल निवासी, जनजाति वर्ग के 10वीं में 60% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी पात्र होंगे। चयनित 400 विद्यार्थियों को भोपाल, इंदौर और जबलपुर में कोचिंग के साथ आवास, किताबें, स्टेशनरी, टैबलेट व इंटरनेट डाटा मुफ्त मिलेगा। वार्षिक पारिवारिक आय सीमा 8 लाख रुपये निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-2333-951 पर संपर्क करें।

### टेंट डीलर की वार्षिक सभा का आयोजन हुआ

**विदिशा।** कामधेनु मंगलवाटिका में फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश टेन्ट डीलर वेलफेयर सोसायटी की वार्षिक सभा आयोजित हुई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल, विधायक मुकेश टंडन सहित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री पटेल ने कहा कि आधुनिक समय में टेंट की बहुउपयोगिता बढ़ी है और छोटे-बड़े आयोजनों में इनकी जरूरत महसूस की जाती है। उन्होंने व्यवसायियों को प्रगति की शुभकामनाएं दीं और सेवा भावना से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर ने पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की समीक्षा की

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी पांच श्रेणियों फल, सब्जी, मसाला, अनाज और अन्य उत्पाद में 20-20 प्रकरण स्वीकृत कर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं, कृषकों, एफपीओ, स्व-सहायता समूहों और छोटे व्यापारियों के लिए बड़ा अवसर है, जिससे वे स्वयं का व्यवसाय शुरू कर दूसरों को भी रोजगार दे सकें।योजना में इकाई स्थापना पर 35% अनुदान और 3% ब्याज माफी सहित अधिकतम 10 लाख रुपये तक की सहायता का प्रावधान है। कलेक्टर ने हितग्राहियों की सूची तैयार करने और विभागों में बेहतर समन्वय से टीमवर्क की भावना से काम करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने विकासखंडवार शेड्यूल बनाकर किसानों से संपर्क करने और उन्हें योजना की जानकारी देने को कहा।

---

**बीमार विभाग:** स्वास्थ्य विभाग नहीं करता जांच, मौत के बाद करते हैं कार्रवाई का दिखावा

# होम्योपैथिक की जगह एलोपैथिक दवाएं दी मासूम की मौत, परिजनों ने डॉक्टर को पीटा

**2 दिन पहले भी गलत इलाज से हुई थी मौत**

**सील क्लीनिकें खुल जाती हैं:** फर्जी डॉक्टरों की जांच के नाम पर वसूली करती है स्वास्थ्य विभाग की टीम, लिफाफा आते ही सील की गईं क्लीनिकें खुलवा देते हैं

**डॉक्टर पर 2 धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया**

**घटना के बाद प्रशासन ने क्लीनिक को सील कराया**

**डिग्री से हटकर इलाज करने वालों की भरमार**

**जांच के नाम पर वसूली कर खुलवा दी जातीं है क्लीनिकें**



### इकलौते बेटा था वेद

विनोद कुशवाह के दो बच्चे हैं। एक 4 साल की बेटी और दो साल का बेटा था। बेटा छोटा होने से सभी का लाडला था। परिजन का कहना है सर्दी जुकाम हुआ था तो हमने डॉक्टर संतोष साहू के पास इलाज कराने पहुंचे। हमें क्या पता था डॉक्टर हमारे बच्चे की जान ले लेगा।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

मधुसूदनगढ़ रोड पर साईं कृपा के नाम से क्लीनिक संचालित करने वाले डॉक्टर संतोष साहू ने गलत दवाएं देकर 2 साल के मासूम की जान ले ली। घटना बुधवार रात 9 बजे की है। विनोद कुशवाह सर्दी जुकाम का इलाज कराने अपने 2 साल के बेटे वेद को बीएचएमएस डॉक्टर संतोष साहू के पास लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर ने कुछ दवाई दीं। घर जाने के बाद दवाई खिलाते ही बच्चे की तबियत बिगड़ने लगी तो विनोद कुशवाह 11 बजे फिर से संतोष साहू के क्लीनिक पर लेकर पहुंचे। लेकिन डॉक्टर ने क्लीनिक का गेट तक नहीं खोला बच्चे की हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे।

सरकारी डॉक्टर अनुराग खटीक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। डॉ. संतोष साहू के पास बीएचएमएस की डिग्री है, लेकिन उन्होंने बच्चे को एलोपैथिक दवाएं दी थीं, जबकि उनकी डिग्री होम्योपैथिक दवाएं देने की है। उक्त घटना के बाद डॉक्टर साहू पर दो धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें लापरवाही पूर्वक इलाज एवं डिग्री के अनुसार इलाज न कर एलोपैथी का इलाज करना पाया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने डॉक्टर पर हमला करने के मामले में 6 लोगों पर अपराध दर्ज किया है। थाना प्रभारी का कहना है कि वायरल वीडियो से पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।



लटेरी। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने क्लीनिक पर पथराव भी किया।

### लोगों ने चक्काजाम कर पथराव किया

बच्चे की मौत के बाद गुरुवार सुबह 8 बजे कुशवाह समाज के सैकड़ों लोगों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। समाजजन डॉक्टर संतोष साहू की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। पुलिस डॉ. संतोष साहू की क्लीनिक पर पहुंची। डॉक्टर को जैसे ही क्लीनिक से बाहर लाया गया तो भीड़ उग्र हो गई और डॉक्टर के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद गुस्साए लोगों ने क्लीनिक पर पथराव कर दिया। इस दौरान एसडीएम विनीत तिवारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार बीएमओ सहित मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने बच्चे को परिजनों को डॉक्टर पर कार्रवाई का आश्वासन देकर बच्चे का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### डॉक्टर के घर मिला एलोपैथिक दवाइयां का जखीरा

होम्योपैथी डॉ. संतोष साहू के क्लीनिक पर जांच टीम को डॉक्टर एलोपैथिक दवाइयों का जखीरा मिला। जांच टीम में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग शामिल रहा। जांच टीम में एसडीएम विनीत तिवारी, तहसीलदार जगन प्रसाद सौर, नायब तहसीलदार हेमंत अग्रवाल तथा बीएमओ अभिषेक उपाध्याय, थाना प्रभारी जय सिंह शामिल रहे। जांच के बाद क्लीनिक को सील कर दिया गया है।

### 2 दिन पहले इसी डॉक्टर से हुई थी एक और मौत



आरोपी डॉ. संतोष साहू

मंगलवार को भी डॉक्टर संतोष साहू से एक बच्चे की मौत हुई थी। लटेरी से 3 किमी दूर रेंगना गांव से पिता सीताराम अपने बेटे 8 वर्षीय प्रिंस को इसी डॉक्टर के पास इलाज के लिए लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर से बच्चे दवाओं की सीसी पीने के लिए दी थी। दवाएं पीने के बाद ही बच्चे की तबियत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। लेकिन यह मामला उजागर नहीं हो सका था।

### लटेरी में 100 से अधिक बिना डिग्री के डॉक्टर कार्रवाई के डर से क्लीनिकें बंद कर रफूचक्कर

डॉ संतोष साहू पर चल रही कार्रवाई के दौरान शुक्रवार को नगर की अधिकांश क्लीनिक बंद रहीं। जिससे यह निश्चित है कि यह सभी अवैध व गैर कानूनी रूप से संचालित हो रहे हैं । लटेरी, आनंदपुर सहित कई गांव में 100 से अधिक झोलाछाप बिना डिग्री के गंभीर बीमारियों का इलाज करते मिल जाएंगे। कुछ झोलाछाप तो आठवीं क्लास तक भी पास नहीं है। सीएमएचओ एवं बीएमओ द्वारा इस ओर ध्यान न दिए जाने के कारण ऐसी घटनाएं होती हैं। इससे पहले शासन के निर्देश पर जिलेभर में फर्जी क्लीनिकों की जांच की गई थी। जांच के नाम पर बनाई गई टीम ने ऐसे डॉक्टरों से वसूली कर खूब पैसा कमाया। इसी दौरान ग्यारसपुर तहसील में झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक सील की गई थीं। लेकिन पूर्व सीएमएचओ डॉक्टर योगेश तिवारी ने इन फर्जी डॉक्टरों ने सांठ गांठ कर ले देकर क्लीनिक फिर से खुलवा दी हैं। यह क्लीनिक भी मौतों का कारण बन सकती हैं।

### एलोपैथिक दवाएं मिलीं, क्लीनिक सील की

उक्त घटना के बाद डॉक्टर संतोष साहू की क्लीनिक की जांच की गई। जहां अत्यधिक संख्या में एलोपैथिक दवाइयां के साथ ही सैंपल ड्रग्स पाई गई है। जिनके लिए ड्रग इंस्पेक्टर को लिखा गया है। क्लीनिक को सील कर दिया गया है।
- **अभिषेक उपाध्याय,** बीएमओ लटेरी

---

### 2111 छात्रों को मिलेगी 25-25 हजार की राशि

**विदिशा।** कक्षा 12वीं के 2111 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राशि का वन क्लिक वितरण करेंगे। जिले में यह आयोजन प्रभारी मंत्री लखन पटेल की मौजूदगी में विदिशा के रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे होगा। विकासखंड स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे। 75% या उससे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

### प्लास्टिक के दुष्प्रभाव पर व्याख्यान सुनाया

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर छात्राओं ने कैंपस की सफाई कर प्लास्टिक मुक्त बनाया और प्लास्टिक उपयोग के दुष्प्रभावों पर व्याख्यान सुने। प्रो. राम आशीष यादव और डॉ. विनीता प्रजापति ने प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और कहा कि सुंदर वर्तमान व सुरक्षित भविष्य के लिए प्लास्टिक बैग का त्याग जरूरी है। इस अवसर पर छात्राओं को शार्ट फिल्म दिखाई गई और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें जागरूकता संदेश दिए गए।

### खाद्य विभाग ने दुकान से डोसे का सैंपल लिया

**विदिशा।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलीन ई पन्ना और कुदसिया खान ने स्वामी विवेकानंद चौराहा स्थित अशोक मसाला डोसा का निरीक्षण किया। संदेह के आधार पर डोसा बनाने में उपयोग होने वाले पनीर, चावल और आटे के नमूने जांच के लिए एकत्रित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जिले में लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच और नमूना संग्रहण की कार्रवाई जारी है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

## अतिक्रमण हटाने नपा ने शुरू किया अभियान बीच सड़क पर लगने वाले हाथठेलों को हटवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरपालिका ने सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू कर दी है। बुधवार को बस स्टैंड के पास स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। यहां सड़क पर अवैध रूप से दुकानें लगाकर व्यवसाय किया जा रहा था।

नगरपालिका अतिक्रमण दल के प्रभारी विजय वाघमारे ने बताया कि दुकानदारों को कई बार समझाया गया। चेतावनी का असर न होने पर चालान काटकर अतिक्रमण हटाया गया। मिर्जापुर रोड और पीढ़ी चौराह क्षेत्र से भी अतिक्रमण हटाए गए। वाघमारे ने आगे बताया कि अब अरिहंत विहार गेट से गल्ला मंडी गेट तक कार्रवाई की जाएगी। यहां अस्थायी दुकानों और ठेलों से लोगों को परेशानी हो रही है।



**टीम के जाते ही दोबारा कर लेते हैं अतिक्रमण**

अरिहंत विहार कॉलोनी के निवासियों ने ब्रिज के नीचे डिवाइडर बनाने की मांग की है। इससे ट्रैफिक एक दिशा में आसानी से निकल सकेगा और अतिक्रमण की समस्या भी नहीं होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि माधवगंज और स्टेशन क्षेत्र में अभी भी अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। यहां ठेले, स्थायी कब्जे और फुटपाथ पर दुकानें लगी हैं। इससे दिनभर जाम की स्थिति रहती है। कई बार शिकायत करने के बाद भी इन क्षेत्रों में कार्रवाई नहीं हुई है। कोतवाली थाने के पास भी कुछ दिन पहले नपा ने अतिक्रमण हटाया था, लेकिन अगले ही दिन यहां फिर से अतिक्रमण कर ठेले लगा लिए गए हैं। जबकि यहां से अतिक्रमण हटाकर पार्किंग बनाई जा सकती है।

### वार्ड नंबर 2 में नाले पर अतिक्रमण हुआ, जल निकासी होगी प्रभावित

**विदिशा।** वार्ड 2 में नाले पर अतिक्रमण कर गार्डन की पार्किंग बना ली गई है। नक्शे में दर्ज चौड़ाई-लंबाई के अनुसार नाले की जगह संकरी हो जाने से बरईपुरा, मोहनगिरी, लोहानी मोहल्ला, शिक्षक कॉलोनी, अरिहंत बिहार और वैशाली नगर जैसे क्षेत्रों का पानी नदी तक जाने में बाधित हो रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि नाले में पाइप डालकर पानी को रामलीला क्षेत्र में मोड़ा जा रहा है, जिससे पहले से जलभराव झेल रहे इस क्षेत्र में स्थिति और गंभीर हो जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि रोड खोदने जैसे अस्थायी उपाय छोड़कर नाले से अतिक्रमण हटवाकर उसका चौड़ीकरण कराया जाए, ताकि समूचे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था सुधरे और भविष्य में बाढ़ या जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

## मां की मौत: बेसहारा हुई बेटियों के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आए प्रियंक कानूनगो

**मानवाधिकार आयोग सदस्य ने कहा: भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



पूरनपुरा में दो दिन पहले महिला भावना जाट द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। मां की मौत के बाद दोनों बेटियां बेसहारा हो गई हैं। बच्चियों को संरक्षण और उनके बेहतर जीवन के लिए मानवाधिकारी आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने संज्ञान लिया है।

आयोग सदस्य ने कानूनगो ने कहा कि बच्चियों के बेहतर भविष्य और उनके संरक्षण के लिए प्रयास करेंगे। कानूनगो ने बच्चियों को महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल आयोग और जिला प्रशासन के माध्यम से संरक्षण देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भावना की संपत्ति पर अवैध कब्जे या बेटियों के कानूनी अधिकारों के हनन होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। पूरनपुरा में रहने वाली भावना जाट (42) का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। भावना अपनी दो बेटियों की अकेले परवरिश कर रही थीं। उनके पति संतोष जाट ने एक साल पहले आत्महत्या की थी। घटना के दिन भावना की छोटी बेटी स्कूल से लौटी तो उसने मां को फांसी पर लटका पाया।

**मौत के बाद मायके और ससुराल पक्ष ने नाता तोड़ा**

*भावना की मौत के बाद पुलिस ने महिला के ससुराल पक्ष से संपर्क किया। पति के भाई महेश जाट ने कहा कि उनका भावना से कोई संबंध नहीं। मायके पक्ष के रायसेन के मड़वाई गांव और भोपाल में रहने वाले दो भाइयों को भी सूचना दी गई। उन्होंने भी अंतिम संस्कार में शामिल होने से मना कर दिया। भावना की लव मैरिज के बाद मायके वालों ने पहले ही संबंध तोड़ लिए थे। सामाजिक कार्यकर्ता आदर्श तिवारी ने अंतिम संस्कार कराया। 12 वर्षीय बड़ी बेटी ने मां को मुखाग्नि दी। प्रियक कानूनगो ने विदिशा पहुंचकर दोनों बेटियों से मुलाकात की।*

---

**दूध निकालने के बाद गायों को खुला छोड़ने की प्रवृत्ति पर रोक लगे**

# गोशाला सम्मेलन में आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला मुख्यालय पर आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय गौशाला सम्मेलन में जिले की 144 गौशालाओं के संचालन, उन्नयन और आत्मनिर्भरता को लेकर व्यापक मंथन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन ने किया। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रभारी मंत्री लखन पटेल के मार्गदर्शन में गौशालाओं को आत्मसबल बनाने के प्रयासों की जानकारी दी और भारतीय संस्कृति में गाय के महत्व को रेखांकित किया। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गौशालाओं के उन्नयन के लिए विशेष पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह गौवंश की रक्षा में योगदान दें। साथ ही उन्होंने यह भी अपील की कि दूध निकालने के बाद गायों को खुला छोड़ने की प्रवृत्ति पर रोक लगे, जिससे सड़कों पर दुर्घटनाएं होती हैं।

विधायक ने पारंपरिक गौपालन की व्यवस्था को याद करते हुए कहा कि पहले पूरा परिवार गायों की देखभाल में जुड़ा रहता था, जबकि आधुनिक जीवन शैली में यह जिम्मेदारी गौशालाओं तक सीमित रह गई है। उन्होंने गौशालाओं के संचालन में पारदर्शिता और प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर बल दिया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि जिले की सभी गौशालाओं में पानी और बिजली की सतत व्यवस्था के साथ चारा प्रबंधन को सुदृढ़ करना होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गौशालाओं में प्रति गौवंश प्रतिदिन 40 रुपए की राशि दी जा रही है। इस राशि के साथ जनसहयोग और सामाजिक सहभागिता से गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है।




विदिशा। कार्यक्रमा को संबोधित करते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता।

## स्वीकृत कार्य ठेकेदार स्वयं कराएं पेटी कांटेक्टर से नहीं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- खोदी गई सड़कों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में जल जीवन मिशन और पीएचई विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया, विभागीय अधिकारी और ठेकेदार मौजूद रहे। कलेक्टर ने समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत डाली गई पाइपलाइनों से क्षतिग्रस्त सीसी सड़कों की मरम्मत की गुणवत्ता का इंजीनियरों से भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में मरम्मत कार्य लंबित हैं, वहां प्रस्ताव पारित कर जल निगम के एसओआर पर 10–20% सुपर चार्ज लगाकर जनपद के सब इंजीनियरों से काम कराया जाए ताकि बारिश के दौरान आवागमन बाधित न हो और दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। उन्होंने ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्य स्वयं कराएं, पेटी कांट्रैक्टर से नहीं। ऐसी स्थिति में तत्काल सूचना देने को कहा। जल जीवन मिशन अधिकारियों को बैठक में गांववार वर्क प्लान और मरम्मत की लागत का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग के छह प्रोजेक्टों और पीएचई विभाग के अन्य कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3222
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2661
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2435
उच्चतम भाव-2465
चना
न्यूनतम भाव-4170
उच्चतम भाव-5555
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3010
उच्चतम भाव-3510
धान
न्यूनतम भाव-2030
उच्चतम भाव-3280
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6810
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6810
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4701
मूंग
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-7230
उड़द
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-6680
बटरी
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3760
धनिया
न्यूनतम भाव-5381
उच्चतम भाव-6560

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 7907 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।


## खबर संक्षेप

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** गुरुवार को गोकुल धाम सबस्टेशन और जेल रोड पर आवश्यक कार्य के चलते दोपहर 1 से 2 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहा। जिसके चलते इमली चौराहा, शहनाई गार्डन के पीछे विशंभरा कॉलोनी, जयहिंद विद्यालय, लक्ष्मी नारायण मंदिर, सुभाष निकेतन, गायत्री नगर, जय पैलेस के पीछे, आदित्य परिसर के पीछे, राम नगर बेतौली, राजेंद्र नगर क्षेत्र में विद्युत प्रदाय बंद रहा।

### नगर के वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल यादव की स्मृति में पत्रकार भवन का किया गया है निर्माण

# विधायक ने पत्रकार भवन का निरीक्षण किया, केंद्रीय मंत्री करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में नवनिर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण 6 जुलाई को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किया जाएगा। नगर के वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल यादव की स्मृति में पत्रकार भवन का निर्माण किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, प्रभारी मंत्री लखन पटेल उपस्थित रहेंगे। अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी की उपस्थिति में होगा। लोकार्पण से पूर्व गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने नवनिर्मित पत्रकार भवन का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता की सराहना की। उनके साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जितेंद्र मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि नगर में मीडिया की सुविधा के लिए इस भवन का निर्माण हुआ है। एक बड़ा सेमिनार हाल बनाया गया है। जिसमें प्रेस कांफ्रेंस करने की सुविधा रहेगी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष नीतेश नायक ने बताया कि भवन में पत्रकारों को वाई-फाई एवं कंप्यूटर की सुविधा रहेगी। कॉन्फ्रेंस की सुविधा रहेगी। जिसमें छोटे सेमिनार भी आयोजित किए जा सकते हैं। भवन में रेस्ट रूम, किचन और लेट बाथ भी बनाया गया है। भवन में बाहर से आने वाले मीडिया कर्मियों को रुकने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## नपा सफाई अमले ने वार्ड क्रमांक 10 में चलाया सफाई अभियान



**गंजबासौदा।** बारिश के मौसम में आमजन की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा वार्डों में जल निकासी, नाले, नालियों की साफ, सफाई का कार्य प्रमुखता से किए जाने के निर्देश नपा सफाई अमले को दिए गए हैं। जिसके बाद नपा सफाई अमला लगातार सफाई अभियान चलाकर वार्डों में से कचरा एकत्रित कर रहा है। गुरुवार को नगरपालिका सफाई अमले ने नगर के वार्ड नंबर 10 में खाली प्लाटों में जमा पानी, कचरे को निकाला एवं नाला, नालियों की साफ, सफाई की गई। इस मौके पर सफाई दरोगा शीतल खरे सहित नगरपालिका सफाई अमले के कर्मचारी मौजूद रहे। उधर नगरपालिका सफाई कर्मियों ने ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचकर कर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया।



## बजरंग दल ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरूवार को बजरंग दल सेवा सप्ताह के अंतर्गत राम जानकी मंदिर गौधाम आश्रम गौशाला में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान नीम, कदम, शीशम, पीपल, जामुन आदि के 11 पौधे रोपे गये एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प स्थानीय कार्यकर्ताओं ने लिया। पौधारोपण करने का उद्देश्य हरित पर्यावरण हो स्वच्छ प्राणवायु मिले एवं प्रकृति और पर्यावरण से जन जन का जुड़ाव हो ऐसा संदेश देना है। इस दौरान विहिप प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, हिन्दू जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक रामसेवक विश्वकर्मा, विहिप विभाग सत्संग प्रमुख सुरेन्द्र ठाकुर, जिला मंत्री अभिषेक शर्मा, बजरंग दल जिला सह संयोजक अन्नू यादव, नगर अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, प्रमोद सिंह राजपूत, नारायण सोनी, भजन प्रजापति, रामराज झा, अमन शर्मा, अमित जैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संभव सागर महाराज का ससंघ होगा नगर आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



धर्म नगरी गंज बासौदा में 17 वर्षों के उपरांत निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज का नगर आगमन 5 जुलाई को होने जा रहा है। आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि सम्भव सागर महाराज, मुनि निस्सीम सागर, मुनि श्रमण सागर, मुनि संस्कार सागर, मुनि ओमकार सागर, ऐलक गौरव सागर महाराज जबलपुर से लगातार पद विहार करते हुए नगर प्रवेश करेंगे। 5 जुलाई को प्रातः काल मंगल प्रवचन एवं आहारचर्या मेवली कांचरोद रोड स्थित आचार्य विद्यासागर गौशाला में सम्पन्न होगी। दोपहर में आचार्य विद्यासागर गौशाला से विहार होकर बेतोली फाटक से मंगल प्रवेश त्योंदा रोड, जय स्तंभ चौक से अंबेडकर चौक, नेहरू चौक होते हुए पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर स्टेशन में होगा। सकल जैन समाज द्वारा मुनिश्री की मंगल अगवानी एवं चातुर्मास के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कर उपरोक्त जानकारी प्रदान की। वहीं सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में प्रातः आचार्य विद्यासागर गौशाला पहुंचकर धर्म लाभ लेने एवं दोपहर 1 बजे बेतौली फाटक पहुंचकर मुनि संघ की भव्य मंगल अगवानी करने का सुअवसर प्राप्त करें।

## चलाया वाहन चैकिंग अभियान

**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस द्वारा नगर में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस प्रभारी निरपत सिंह के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को जय स्तंभ चौक पर वाहनों की जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन, तीन सवारियां बैठाने, नंबर प्लेट न लगी होने, लायसेंस न होने आदि की जांच की गई। जिसमें कमी पाए जाने पर 10 वाहन चालकों के 3000 रुपए के चालान बनाए गए और राशि वसूल की गई। यातायात प्रभारी निरपत सिंह ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन पूरे दस्तावेजों के साथ और नियमानुसार चलाएं। सुरक्षा के लिए हैलमेट पहनें, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, लायसेंस होने पर ही वाहन चलाएं, सुरक्षा का ध्यान रखें आदि की हिदायत वाहन चालकों को दी गई।

## समारोह में हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षा आरंभ समारोह के तीसरे दिन समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ऋतुज एलिया, दीपक शर्मा, प्रभारी प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता उपस्थित रहे।

दीक्षा आरंभ समारोह के तीसरे दिन नव प्रवेशित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, इको क्लब, मानक क्लब, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ आदि की जानकारी दी गई। सर्वप्रथम डॉ. वीके प्रजापति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम में हुए बदलावों के बारे में बताया गया। साथ ही उन्होंने भोज विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की भी जानकारी दी। इसके बाद स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस सेल की प्रभारी डॉक्टर कंचन वैद्य द्वारा कैरियर मार्गदर्शन से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्रदान की गईं। उनके द्वारा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के बारे में भी बताया गया।

डॉ. सरिता घेंघट द्वारा विज्ञान संकाय के बारे में बताया गया। साथ ही उन्होंने एईडीपी के कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. बिंदेश शुक्ल द्वारा मानक क्लब, शिवानी गौर द्वारा इको क्लब एवं घनश्याम चौकसे द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के बारे में बताया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर सुमन लता गुप्ता द्वारा महाविद्यालय की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष ने संबोधन में महाविद्यालय की विशेषताओं से परिचय कराते हुए नव प्रवेशित विद्यार्थियों को प्रोत्साहन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष दुबे ने किया।

## बैठक में सदस्यों ने दिए सुझाव



**गंजबासौदा।** गत दिवस रेलवे स्टेशन पर उपभोक्ता समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सदस्यों ने नए ब्रिज को पुराने माल गोदाम की ओर बनाए जाने की मांग रखी, इससे शहर के लोगों को एक अलग फुट ब्रिज मिल सके। बैठक में सदस्यों ने नए ब्रिज को पुराने के समीप बनाकर उसकी एंट्री पूर्वी कॉलोनी की ओर वर्तमान फुट ब्रिज से जोड़ने का पुरजोर विरोध किया। इसके अलावा सर्कुलेटिंग एरिया में सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाए। सदस्यों ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि रेल विभाग द्वारा जनता की सुविधा के लिए करोंड़ों रुपए की लागत से नए स्टेशन भवन का निर्माण कराया है लेकिन रेलवे स्टेशन और सर्कुलेटिंग एरिया की साफ सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा, इसके कारण गंदगी हो रही है। समिति के सदस्यों ने स्टेशन प्रबंधक से एंट्री द्वारा के सामने दो पहिया वाहन और ऑटो रिक्शा खड़े करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सुझाव दिया। इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक हलीम खान, ज्ञान प्रकाश भार्गव, मनोज डागा, मयंक टॉक, अभिषेक रघुवंशी, अय्यूब कुरैशी मौजूद थे।

## आप पार्टी ने सुविधाओं की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गुरुवार को आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शासकीय राजीव गांधी शासकीय जन चिकित्सालय में व्याप्त असुविधाओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि बुनियादी सुविधाओं की अत्यधिक कमी के कारण आम जनता, विशेषकर ग्रामीण व गरीब वर्ग के मरीजों को रोजाना गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शासकीय जनचिकित्सालय में अनेक समस्याएँ व्याप्त हैं। जिनमें सोनोग्राफी मशीन की अनुपलब्धता, अस्पताल में सोनोग्राफी कक्ष तो बना हुआ है किंतु आज तक उसमें मशीन की व्यवस्था नहीं हो पाई है। परिणामस्वरूप, गर्भवती महिलाओं एवं अन्य गंभीर मरीजों को महंगे निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है। एक्स-रे मशीन तो कार्यरत है, लेकिन मरीजों को रिपोर्ट का प्रिंट नहीं दिया जाता। केवल मोबाइल पर तस्वीर दिखाकर काम चलाया जाता है, जो कि चिकित्सा की दृष्टि से असुविधाजनक है। अस्पताल परिसर विशेषकर बाहरी क्षेत्र एवं पुरुष शौचालयों की नियमित सफाई नहीं होती, जिससे वहां लगातार गंदगी और दुर्गंध बनी रहती है। यह मरीजों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदोरिया, पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र केवट, जिला उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, रानू नामदेव सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विभिन्न जिलों के 125 से अधिक पदाधिकारी हुए सम्मलित

# हिंदू जागरण मंच का प्रांतीय अभ्यास वर्ग संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में मध्य भारत प्रांत का प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन भोपाल संभाग संगठक अजय बरुआ के निर्देशन एवं जिला संयोजक अमान सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। जिसमें मध्य भारत प्रांत अंतर्गत विभिन्न जिलों के लगभग 125 से अधिक अपेक्षित पदाधिकारी सम्मिलित हुए। आयोजित दो दिवसीय अभ्यास वर्ग आठ सत्रों में संपन्न हुआ। 28-29 जून को आयोजित अभ्यास वर्ग में प्रांत भर से कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर महिला सुरक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों व समाधान पर चिंतन किया। अभ्यास वर्ग में सम्मिलित हुए प्रदेश भर से संगठन के कार्यकर्ताओं को केंद्रीय पदाधिकारी, प्रांतीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों का बौद्धिक प्राप्त हुआ। इस दौरान संगठन की नवीन प्रांत कार्यकारिणी तथा विभिन्न जिलों के संयोजक, सह संयोजकों की घोषणा की गई। जिसमें पूर्व जिला संयोजक एडवोकेट अमान सिंह राजपूत एवं पूर्व जिला सह संयोजक राकेश विश्वकर्मा को प्रांतीय कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया। वहीं जिला संयोजक अमन शर्मा, सह संयोजक प्रमोद सिंह राजपूत, सह संयोजक अंजुम शर्मा लटेरी को बनाया गया। हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में दो दिवसीय अभ्यास वर्ग की तैयारी विगत एक माह से स्थानीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही थी। अभ्यास वर्ग के सफल आयोजन के लिए प्रांतीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार बैठकों का आयोजन कर विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु दायित्व सौंपे गये।

इनमें प्रमुख रूप से भोजन व्यवस्था नितीश श्रीवास्तव, रामेश्वर तिवारी, दिनेश शर्मा, आवास व्यवस्था राकेश विश्वकर्मा, सुनील यादव, यातायात व्यवस्था गुड्डू यादव, जगदीप राजपूत, अंजुम शर्मा, राजू प्रजापति, जल व्यवस्था कैलाश चौरसिया, बौद्धिक व मंच अमन शर्मा, स्वागत व कार्यालय एमपी जायसवाल, सतनाम राजपूत, प्रमोद सिंह साज सज्जा मुकेश सिंह राजपूत, नरेश रघुवंशी चिकित्सा व्यवस्था जमना प्रसाद विश्वकर्मा एवं मनोहर ठाकुर को सौंपी गई। अभ्यास वर्ग के समापन उपरांत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गई।

## शाम के समय हुई बारिश



**गंजबासौदा।** गुरुवार को दूसरे दिन भी नगर में सुबह से लेकर शाम तक धूप निकली। तेज धूप निकलने से गर्मी और उमस में बढ़ोत्तरी हुई जिससे लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। वहीं देर शाम को नगर में कुछ देर हल्की बारिश हुई। जिससे मौसम में ठण्डक घुल गई। यहां उल्लेखनीय है कि विगत तीन, चार दिन रुक रुक कर बारिश का दौर चलने से भीषण गर्मी से लोगों को कुछ हद तक निजात मिल गई है। लेकिन नागरिक इलाके भर में झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

## टेंट एसोसिएशन की कार्यकारिणी का हुआ गठन



**गंजबासौदा।** विगत दिनों फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश टेंट एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन भोपाल में आयोजित किया गया। फेडरेशन द्वारा टेंट एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारणी की बैठक में 45 जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदेश पदाधिकारियों ने पौधरोपण कर प्रकृति को हरा भरा रखने का संदेश प्रदान दिया। भोपाल टेंट एसोसिएशन के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन भोपाल स्थित स्वागत गार्डन में किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिए गए जिसमें विदिशा जिले से सुरेश जैन को भोपाल संभाग का सह प्रभारी का दायित्व सौंपा गया एवं विदिशा से मोहन साहू, लखन सिंह मीना, सतीश शर्मा एवं पठारी से विमल जैन को प्रदेश कार्यकारणी में शामिल किया गया। वहीं विदिशा जिले से आए टेंट व्यवसायियों का मंच पर सम्मानित किया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा, चेयरमेन अजय सरावगी, संयोजक राम बाबू शर्मा, महासचिव प्रदीप अग्रवाल, महासचिव राजेश हार्डिया एवं कोषाध्यक्ष संजय जैन के द्वारा पदाधिकारियों को सदस्यता प्रमाणपत्र, मनोनयन पत्र, परिचय पत्र, बेच एवं कार के स्टीकर प्रदान किए गए, कार्यक्रम का संचालन महाकाल टेंट एसोसिएशन के नव मनोनित अध्यक्ष आशीष मल्होत्रा द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### गौर व्याख्यान माला का आयोजन आज होगा

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के अभिमंच सभागार में 4 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन के विभिन्न आयाम विषय पर गौर व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है । इस व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान मुंबई के कुलाधिपति प्रो. धीरेंद्र पाल सिंह होंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता करेंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन पर विमर्श एवं प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम के समन्वयक गौर पीठ के निदेशक प्रो. नवीन कानगो एवं योजना एवं संसाधन सृजन के निदेशक प्रो. उमेश कुमार पाटिल हैं।

### क्षतिग्रस्त, जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जिले में कोई भी भवन क्षतिग्रस्त जर्जर नहीं हो इस हेतु तत्काल कार्रवाई करें और जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जावे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे इसी परिपेक्ष में जिले के अनेक विकासखंडों में कार्रवाई की गई। उन्होंने समस्त जिले वासियों से अपील की है कि उनके क्षेत्र में यदि कोई मकान जर्जर और क्षतिग्रस्त है तो इसकी सूचना संबंधित राजस्व अधिकारी नगर पालिका नगर परिषद नगर निगम एसडीम को तत्काल दें जिससे कि उसे भवन को घराने की कार्रवाई की जा सके और सभी को सुरक्षित रखा जा सके उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा। कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में नगर परिषद मालथौन, देवरी, जनपद पंचायत बंडा में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों को गिराने की कार्यवाही की गई।

### दिव्यांगजन को बस किराए में 50 प्रतिशत की छूट

**सागर।** परिवहन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश में सभी यात्री बस सेवाओं में विभिन्न प्रकार के दिव्यांगजन को 50 प्रतिशत किराया छूट की सुविधा प्रदान की गई है। इस संबंध में समस्त बस संचालकों, विशेष रूप से जिला सागर के संचालकों को सूचित एवं निर्देशित किया गया है कि यात्रा के दौरान यदि कोई दिव्यांग यात्री सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है, तो उसे नियमानुसार 50 प्रतिशत किराया छूट अनिवार्य होगा।

### मृतक के परिजनों को राहत राशि प्रदान की

**सागर ।** कलेक्टर के निर्देश पर जनजातीय कार्य विभाग सागर द्वारा मृतक ओमकार अहिरवार पिता मुलू अहिरवार के हत्या के प्रकरण में परिजनों को राहत राशि उनके बैंक खातों में प्रदान की गई। बता दे कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 (33) के अंतर्गत म.प्र.शासन आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्रालय के नियम 1995 के प्रावधान अंतर्गत, योजना नियम में वर्णित प्रावधान अनुसार भारतीय दंड संहिता की धारा 302 अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2)(व) के अनुसार जिला स्तरीय राहत स्वीकृति समिति के अनुमोदन अनुसार मृतक ओंमकार अहिरवार की पत्नि भारती अहिरवार को एफआईआर एवं पोस्टमार्टम रिर्पोट के आधार पर राहत की 50 प्रतिशत राशि चार लाख बारह हजार पाँच सौ रुपए तथा आश्रित पिता मुलू अहिरवार को 25,000 रुपए की राहत राशि प्रदान की गई।

### ज्ञानोदय परिसर में किया पौधरोपण

**सागर।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित तिली क्षेत्र स्थित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल की गई। विद्यालय परिसर में संभागीय उपायुक्त जे पी सरवटे व प्राचार्य महेश कुमार सोनी के अतिथ्य में उच्च माध्यमिक शिक्षक महेन्द्र कुमार लोधी ने अपने 51वें जन्मदिन पर 51 पौधे लगाकर इस दिन को यादगार बनाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय परिवार नें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## सब्दलपुर के ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद भी नहीं हो रही सुनवाई

# कीचड़ के भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हो रहे छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



शासन के लाख प्रयास के बाद भी गांवों की दशा और दिशा सुधरते नजर नहीं आ रहे हैं। सिरोंज तहसील के अंतर्गत आने वाले कई गांव ऐसे हैं जहां के ग्रामीणों को आज भी सड़क, बिजली और पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अफसरों और जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान न देना ग्रामीणों की परेशानी का कारण बन रहा है। राज्य सरकार शासकीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को सुधार के लिए एक तरफ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ उनकी बेटियों को स्कूल तक पहुंचने के लिए कोई शुगम रास्ता नहीं है। ऐसा ही एक नजारा ग्राम पंचायत पिपलिया हाट के ग्राम सब्दलपुर में देखने को मिला। जहा के ग्रामीण सड़क को लेकर काफी परेशान है। सडक न होने से बारिश के मौसम में कीचड़ होने से बच्चों को स्कूल जाने काफी परेशानी होती है, जिस ओर अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों और छोटें-छोटे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

### घुटनों घुटनों कीचड़

वही ग्राम सब्दलपुर के शासकीय माध्यमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों को, घुटने घुटने तक पानी और कीचड़ से होकर सिर पर स्कूल बैग रखकर स्कूल तक पहुंचना पड़ता है जिससे उन बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है नाले पर पुलिया न होने से नाले का सारा गंदा पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है और जब भी बारिश आती है तो यह सड़क पूरी पानी से लबालब भर जाती है। वही छोटे-छोटे बच्चे तो स्कूल में पढ़ाई करने से वंचित भी हो रहे हैं।

### कीड़े मकोड़ों का है डर

जब हरिभूमि ने ग्राम पंचायत पिपलिया हाट के ग्राम सब्दलपुर पहुचकर बच्चो से चर्चा की तो बच्चो ने बताया बारिश में हमें स्कूल जाने में बहुत समस्या होती है कीचड़ और बारिश के पानी से होकर हमें स्कूल तक पहुंचना पड़ता है तो वही हमें रास्ते में गिरने व कीड़े मकोड़े के काटने का भी डर बना रहता है कई बार हमारे घर वालों ने सरपंच सचिव से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत भी की परंतु सड़क निर्माण न होने के कारण हमें इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है प्रशासन की नजर में तो सड़क बन गई पर आप खुद देख लो सड़क की क्या स्थिति है।

### कभी-कभी जा पाते हैं स्कूल

ग्रामवासी धन सिंह सेन,राम सिंह कुशवाह,पप्पू कुशवाह ने बताया कि बारिश के समय सडक में पानी भरा होने के कारण पुरी सडक पर कीचड हो जाती हैं जिससे स्कूल जाते समय बच्चे कीचड मे फिसलकर गिर जाते है और बच्चो की स्कूल ड्रेस और किताबें खराब हो जाती है जिस कारण बच्चो को मजबूरन वापस घर लौटना पडता है, बारिष के समय में तो बच्चे कैसे भी स्कूल नही जा पाते। तो वही कीचड में फिसलकर आए दिन बच्चो चोटिल हो जाते है जिस कारण उन्हे कई दिनो तक घर पर ही आराम कराना पडता है और स्कूल जाने से वंचित रह जाते है।

### कई बार कर चुके शिकायत

सडक निर्माण कराए जाने को लेकर हम कई बार सरपंच व सचिव, प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक से सड़क निर्माण कराए जाने को लेकर अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद भी आज तक हमारी सड़क की इस समस्या को लेकर किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। बारिश के समय सडक पर कीचड होने कारण दो पहिया वाहन इस रोड से नही निकल पाते।
**तुलसीराम शर्मा,** निवासी ग्राम सब्दलपुर, पंचायत पिपलिया हाट।

### स्कूल जाते समय फिसलकर गिरते हैं बच्चे

स्कूल जाने वाले मुख्य मार्ग पर व्याप्त कीचड़ गांव के छोटे-छोटे बच्चों की स्कूल जाने की राह में बाधा बन रहा है। कई बार बच्चे कीचड़मय सड़क से निकलते समय फिसलकर गिर जाते हैं, ऐसे में उनकी स्कूल ड्रेस और काफी किताब गंदी हो जाती है और उन्हें वापस घर लौटना पड़ता है। तो वही कई बार छोटे-छोटे मासूम बच्चे स्कूल जाने तक से वंचित रह जाते हैं।
**राकेश कुशवाह,** निवासी, ग्राम सब्दलपुर, पंचायत पिपलिया हाट।

## 7 से होगी मूंग की खरीद

# समर्थन मूल्य पर मूंग बेंचने पंजीयन के लिए 3 दिन शेष

### वेयर हाउस संचालकों की चेतावनी से अन्नदाताओं में उहापोह की स्थिति, किसान मंडी में बेचने ला रहे मूंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सरकार द्वारा बिलंब से समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद की घोषणा और 19 जून से पंजीयनकी शुरूआत हुई। बाड़ी, बरेली क्षेत्र में सबसे अधिक ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती की जाती है। हजारों किसानों द्वारा लाखो कु. मूंग समर्थन मूल्य पर बैंची और तौल की जाती है। समर्थन मूल्य पर मूंग बैंचने 6 जुलाई तक पंजीयन और 7 जुलाई से मूंग की खरीद शुरू होना है। इसी बीच वेयर हाउस संचालको ने बैठक कर पिछले वर्षो का गोडाउन किराया भुगतान करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और मांगे न मानने पर मूंग भंडारण न करने की चेतावनी दी है।

संपूर्ण क्षेत्र में पिछले अनेक दिनों से निरंतर बारिश हो रही है। मूंग की खेती करने वाले हजारों किसान मूंग को समर्थन मूल्य पर बैंचने पंजीयन कराने के साथ मूंग को संभाल कर रखे हुए है। खरीफ फसलों का सीजन शुरू हो गया है। किसानों द्वारा अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने प्रतिदिन मंडी में मूंग बैंचने ला रहे है। मंडी में पिछले दिनों की अपेक्षा मूंग के भाव क्वालिटी के अनुसार ठीकठाक बने हुए है। मूंग को लगातार बारिश की नमी से सुरक्षित बनाये रखना किसानों की सबसे बडी समस्या और परेशानी बन रही है।

**उहापोह की स्थिति** - किसी भी जीन्स की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए हम्मालों, तौल की व्यवस्था की जाती है। खरीदी केन्द्रों का निर्धारित, बारदाने हम्मालों, तौल की व्यवस्था, 6 जुलाई तक पंजीयन और 7 जुलाई से खरीद के लिए जिस प्रकार तीव्रता से सहकारी संस्थाओं को व्यवस्थाओं को अंजाम देना चाहिए। उसमें बनी कोताही और वेयर हाउस संचालको की मूंग भंडारण न करने की चेतावनी से हजारों किसान उहापोह की स्थिति में नजर आ रहे है। किसानों का कहना है कि भले ही समर्थन मूल्यों से हजार पन्द्रह सौ रू. कु. कम कीमत मिले परंतु व्यापारियों द्वारा मूंग का समय पर भुगतान तो किया जाता है। इसी कारण किसान मंडी में प्रतिदिन मूंग ला रहे है।

# पहले 36 घंटे से अधिक हुई लगातार बारिश, और फिर हुआ मौसम साफ

## गुरुवार को आधे दिन निकली धूप, फिर हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

मंगलवार, बुधवार को दिन-रात 36 घंटो से अधिक लगातार बारिश से लोग परेशान हो उठे। गुरूवार को आधे दिन धूप निकली तो लोगो ने राहत महसूस की दोपहर बाद मौसम बदला और बारिश शुरू हो गई। पिछले एक सप्ताह से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रूक-रूक कर निरंतर बारिश से नमी की अधिकता परेशानियों का कारण बन रही है।

जून माह का अंत और जुलाई माह की शुरूआत बारिश के साथ हुई। पिछले एक सप्ताह से कभी दिन में तो कभी रात में बारिश होने से संपूर्ण क्षेत्र और नगर में भारी नमी के साथ सडक्रो पर कीचड फैला नजर आ रहा है। सडक्रो के क्षतिग्रस्त गड्डो में भरा बारिश का पानी और कीचड वाहनों के आवागमन के दौरान कपडो पर आ जाने की भी स्थिति बन रही है।

**खेतो में रह गई मूंग** - अधिकांश किसानों ने बारिश शुरू होने से पूर्व ही सुरक्षित ढंग से मूंग कटवा ली। जिन किसानों की मूंग कटने से रह गई, पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी भर जाने, अत्याधिक नमी के कारण कटने से बची मूंग की कटाई अब संभव नजर नहीं आ रही। ग्रामीण क्षेत्र में कुछ किसानों ने बिलम्ब से मूंग की बोवनी की। इसी कारण कटाई में बिलंब हुआ, अब लगातार बारिश और धूप न निकलने से मूंग फसल खेतो में ही खराब हो जाने की स्थिति बन रही है।

हो रही बारिश के असर से अब नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र, विन्ध्यांचल पर्वत श्रेणियां चहुओंर आंखो को सुकून देने वाली हरियाली नजर आने लगी है। आने वाले दिनों में हरियाली और बढ़ती जाएगी। जिससे मवेशियों की चारा संबंधी समस्या कम हो जाएगी।

## प्रत्येक स्कूली बस पर मालिक का नाम मोबाइल नंबर लिखना जरूरी

# छात्रों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा स्कूल संचालकों को एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



छात्र-छात्राओं की सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को लेकर तहसील सभागार में स्कूल संचालको की बैठक एसडीएम संतोष मुदगल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के साथ उदयपुरा, देवरी, खरगोन क्षेत्र के प्रायवेट स्कूल संचालकों की उपस्थिति रही। छात्रों की सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को लेकर स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए गए। एसडीएम ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। स्कूली बसों पर वाहन मालिक का नाम मोबाइल नं. स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। जिससे आपात स्थिति में तुरंत संपर्क किया जा सकें। स्कूल संचालकों की बैठक में एसडीएम संतोष मुदगल ने साफ स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्कूल बसे पीले रंग में हो, और स्कूल बस भी अंकित होना जरूरी है। वाहनों की फिटनेश, बीमा, स्पीड गर्वनर, फायर सिस्टम, पैनिक बटन जैसी जरूरी सुविधाए अनिवार्य रूप से हो। इसी के साथ ड्रायवर, हेल्पर का चरित्र प्रमाण पत्र, ड्रायविंग लायसेंस और आधार नंबर की जांच बिना किसी को नौकरी पर न रखा जाए। छात्रों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक बस में एक महिला अटेंडर की व्यवस्था जरूरी करने के निर्देश दिए।

**7 दिन का समय** - एसडीएम मुदगल ने स्कूली बसों की व्यवस्थाए पूर्ण करने 7 दिवस की समय सीमा में स्कूल संचालकों को अपनी कमिया दूर करना है। इसके बाद वाहनों की जांच की जाएगी, नियमों, निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर स्कूल प्रबंधक पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### सांसद डॉ लता वानखेड़े ने दी नवनिर्वाचित अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को शुभकामनाएं



**सिरोंज।** सागर सिरोंज संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेडे ने भोपाल भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुचकर संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सहभागिता की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का हार्दिक अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। साथ ही कार्यक्रम उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस मौके पर उन्होने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लविकसित भारतह्ल के संकल्प को साकार करने में प्रेरणादायक भूमिका निभाएंगे और प्रदेश संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएंगे।

### अमृत अभियान एवं एक पेड मां के नाम अंतर्गत आज किया जाएगा पौधरोपण

**सिरोंज।** नगरीय प्रशासन एंव विकास म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार आज नगर पालिका परिषद द्वारा अमृत अभियान एंव एक पेड मॉ के नाम अंतर्गत लटेरी रोड स्थित श्रीमति हीरावेन पार्क में विधायक श्री शर्मा की अध्यक्षता में वृक्षारोपण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के समस्त गणमान्य नागरिक, व्यापारी संघ, सभी विभाग प्रमुख के सदस्य एवं वरिष्ठों द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही पं. दीनदयाल पार्क, स्व. श्री लक्ष्मीकांत शर्मा पार्क एवं शुभमंगल जन्म दिवस पार्क में भी वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसमें लगभग 2500 पौधे लगाने का लक्ष्य लगाने का लक्ष्य रखा गया है। तो वही नपा ने आम नागरिको से अपील करते हुए कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आकर एक पेड मॉ के नाम अवश्य लगायें।

## सरल महिला विकास समिति ने अस्पताल में फलों और वस्त्रों का किया वितरण



**बरेली।** सरल महिला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना नाहर, संरक्षक अजय नाहर ने सिविल अस्पताल पहुंच कर भर्ती मरीजों, बच्चों को फलों, बिस्कुट एवं छोटे बच्चों को वस्त्रो का वितरण किया गया। गर्भवती, प्रशव वाली महिलाओं के वार्डो में पहुंच कर उनके स्वा. एवं समस्याओं की जानकारी ली। एनआरसी, कुपोषित बच्चों के वार्ड एवं आईसीयू में भर्ती बच्चों एवं उपचार करा रहें, मरीजों से स्वा. संबंधी जानकारियां लेकर शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. हेमंत यादव ने सिविल अस्पताल में मिलने वाली स्वा. सुविधाओं, सरकारी स्वा. योजनाओं से मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारियां लेते हुए चर्चा की।

## नए कानून के प्रति और जागरूक होने की आवश्यकता

# नए कानून को 1 वर्ष पूर्ण, थाना प्रभारी ने किया वार्तालाप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के थाना प्रांगण स्थित सभागार में नए कानून के 1 वर्ष पूर्ण होने पर थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने लोगो से चर्चा करते हुए कानून की धाराओं में होने वाले बदलाव के चलते 1 वर्ष में लोगो का क्या अनुभव रहा और लोगो को क्या परेशानी आई। उन्होंने कहा कि हालांकि धाराओं में बदलाव हुआ है, कटेंट वही है। हां यह जरूर है कि धाराओं के बदलाव को लेकर कहीं-कहीं परेशानी का सामना करना पडता है। वहीं उन्होंने बताया कि पूर्व की धाराएं जिन्हें लोगो ने बचपन से जाना और सुना है, ऐसी स्थिति में धाराओं के बदलाव के कारण थोडी परेशानी होना स्वभाविक बात है। किसी भी नए काम की शुरूआत में कुछ कठिनाईयां आती है। नवीन कानून आम आदमी को न्याय दिलाने में सरलता प्रदान करता है। 1 जुलाई 2024 को देशभर में भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहितता और दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधान लागू हुआ है। देश में अंग्रेजो के कानून को बदलकर नए भारत का कानून लागू हुआ है। नए कानून में जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर का प्रावधान ऐसा किया गया है, कि व्यक्ति कहीं से भी एफआईआर दर्ज करा सकता है। ऐसा करने के बाद वह तीन दिन में पुलिस के पास आ जाता है, तो उसकी एफआईआर हो जाएगी। एफआईआर करते समय वह कहां है, उसकी उपस्थिति मायने नहीं रखती। जिस पीडित के साथ घटना घटित हुई है, उसे 90 दिन में उसके केस की पडताल, कार्रवाई की डिटेल बतानी होगी। वर्तमान में होने वाले बदलाव के चलते भारतीय न्याय संहिता में 511 धाराएं थी। इसे कम कर 358 धाराओं में कर दिया गया है। पहले सजाओं में कम्यूनिटी पनिश्मेंट का प्रावधान नहीं था। जो अब किया गया है। महिला, बच्चों के लिए एक अध्याय अलग कर दिया गया है। वहीं अब केस की विवेचना मैं वीडियो ग्राफी और बयानों को रिकॉर्ड करना आवश्यक हो गया है। जिससे पीड़ित को न्याय मिलने मैं कोई अड़चन नहीं आती। अब इलेक्ट्रानिक डॉक्यूमेंट को मान्यता दी गई है। साक्ष्य अधिनियम में भी इलेक्ट्रानिक डॉक्यूमेंट मान्य किया जाएगा। नए कानून में 18 साल से कम की बच्ची के साथ गैंगरेप होता है, तो आजीवन कारावास और मृत्यु दंड की सजा का प्रावधान है। न्याय प्रणाली में टेक्नॉलॉजी का उपयोग अधिक किया गया है। तलाशी, जब्ती की ऑडियो, वीडियो रिकार्डिंग कराना अनिवार्य किया गया है। धारा-302 हत्या की सजा धारा 103, धारा-304 बी दहेज मृत्यु के लिए सजा धारा 80, धारा 379 चोरी की सजा धारा 303, धारा 376 बलात्कार की सजा धारा 64, धारा 420 धोखाधड़ी के लिए सजा धारा 318, धारा 498ए पति द्वारा क्रूरता का शिकार महिला धारा 85, धारा 120 बी आपराधिक षडयंत्र के लिए सजा धारा 61 है।

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affilated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

iti.kbtgroup.in
K.B.T. PRIVATE ITI
Institute Code - PR23000909
NCVT नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
NH-146,Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ELECTRICIAN 2 Years 10th & 12th Pass (Math/Science)
HEALTH SANITARY INSPECTOR 1 Year-10th Pass
City Office : Cist College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481,796042,9893708149

डीईओ कार्यालय मार्ग के ही हालत बदतर, तो फिर ग्रामीण स्कूलों की स्थिति क्या होगी

# ये डगर नहीं आसान: जिला शिक्षा विभाग के रास्ते पर चौतरफा घुटनों तक कीचड़ ही कीचड़, बगल में ही सांदीपनी विद्यालय



## जरूरी कामकाज कराने दफ्तर आने वाले लोगों को आवागमन में हो रही असुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला शिक्षा विभाग के सामने करोड़ों रुपए की लागत से सांदीपनी विद्यालय की बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। भवन के निर्माण का ठेका त्रिशूल कंट्रक्शन कंपनी भोपाल के ठेकेदार नीरज अग्रवाल को दिया गया है। स्कूल भवन ठेकेदार की मनमानी और लापरवाही का आलम यह है कि बारिश के चलते यहां मिट्टी की कारण कीचड़ हो गई है। घुटनों कीचड़ के बीच दफ्तर में कामकाज कराने आने वाले शिक्षकों और आम लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में बिल्डिंग का निर्माण कार्य जोरों पर है, जहां एक और आम रास्ते पर पहाड़ों के समान रेत पड़ी हुई है। वही आम रास्ते पर मजदूरों के अस्थाई निवास बना दिए गए हैं, जिससे रोजाना सांदीपनी विद्यालय पढ़ने आने जाने वाले छात्र-छात्राओं और आम लोगों शिक्षकों को आने-




जाने में परेशानी खड़ी हो रही है।

### शिक्षा विभाग की दहलीज पर निर्माण

ठेकेदार द्वारा वर्तमान में जिला शिक्षा विभाग की दहलीज पर पेवर ब्लॉक लगाने का काम चलाया जा रहा है। यहां पेवर ब्लॉक के लगे ढ़ेर और बिल्डिंग मटेरियल के ढेर की वजह से जिला शिक्षा विभाग में लोगों का आना-जाना दूभर हो रहा है। निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। बारिश के चलते पूरे परिसर में कीचड़ और मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। इस कारण फिसलन हो रही है। शिक्षा विभाग में जाने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों ने बताया कि ठेकेदार को निर्माण कार्य में तेजी लाना चाहिए और कीचड़ और आम रास्ते पर जमा बिल्डिंग मटेरियल को एक तरफ व्यवस्थित तरीके से रखवाना चाहिए, ताकि आवागमन सुचारू हो सके।

**इनका कहना है**

हमने सांदीपनी विद्यालय की बिल्डिंग ठेकेदार को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और तेजी लाई जाए। यहां आम रास्ते से रेत के ढ़ेर हटाया जाए और कीचड़ खत्म करने काली गिट्टी चूरी डाली जाए।

- **मोनिका पटेल,** सहायक संचालक शिक्षा रायसेन।

---

**खबर संक्षेप**

### ईवीएम मशीनों के वेयर हाउस का किया निरीक्षण




**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट में स्थापित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों के वेयरहाउस का जून का मासिक निरीक्षण कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा एवं संजय कुमार श्रीवास्तव उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष शर्मा, जिला कोषालय अधिकारी रायसेन तथा लोक निर्माण विभाग पीआईयू रायसेन के अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा वेयरहाउस के निरीक्षण के उपरांत भारत निर्वाचन कार्यालय रायसेन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्तमान में 7 जुलाई से प्रारंभ होने वाले बीएलओ प्रशिक्षण की तैयारी, बीएलओ की नियुक्ति तथा मतदान केन्द्रों की पूर्व तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आयोग के निर्देशानुसार समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण करने निर्देश दिए।

### दो बाइक आमने-सामने भिड़ीं, दो युवक घायल



**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बरजोरपुर जोड़ के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सांची अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवक ग्राम प्रेमपुरा का निवासी है, जबकि दूसरा भरतीपुर गांव से है। फिलहाल पुलिस थाने में दोनों पक्षों की ओर से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बरजोरपुर जोड़ के पास बाइकों की आमने-सामने टक्कर होने की जानकारी मिली है। लेकिन अभी तक दोनों पक्षों की ओर से कोई भी आवेदन थाने में कार्रवाई के लिए नहीं आया।

### प्रभारी मंत्री आज करेंगे लैपटॉप राशि का वितरण

**रायसेन।** जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार के मुख्य आतिथ्य में शहर के वन परिसर में आज शुक्रवार को प्रातः 9 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल की सत्र 2024-25 कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले जिले के विद्यार्थियों को विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लेपटॉप क्रय के लिए राशि प्रदाय कार्यक्रम आयोजित किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 जुलाई को भोपाल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री श्री पंवार द्वारा दोपहर 12.30 बजे पुलिस लाईन परिसर में पौधरोपण किया जाएगा।

---

रतलाम की घटना के बाद प्रदेश भर में पेट्रोल पंपों की होनी है जांच

# आदेश को बीते 6 दिन, नहीं हुई जिले भर में पेट्रोल पंपों की जांच

◆ एथेनॉल की जगह वाहनों से निकल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पिछले सप्ताह रतलाम में मुख्यमंत्री के काफिले के वाहनों में पानी मिला डीजल डालने का घटनाक्रम होने के बाद खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री एवं मुख्य सचिव ने प्रदेशभर के पेट्रोल पंपों की जांच के आदेश दिए हैं। लेकिन 6 दिन बाद भी रायसेन जिले में किसी पंप पर जांच टीम चैकिंग करने नहीं पहुंची, जबकि जिलेभर में लगभग 250 पेट्रोल पंप संचालित हैं।

विशेष बात ये है कि जिले में जिम्मेदार अफसरों ने जांच के लिए टीम तो गठित कर ली, लेकिन पेट्रोल पंपों की जांच करने रवाना नहीं हुई। कई जगहों पर पेट्रोल पंपों की गड़बड़ी की शिकायतें मिलने के बाद अफसर नियमित जांच नहीं कर रहें हैं। लेकिन अब रतलाम में हुए घटनाक्रम के बाद वाहन चालक भी पेट्रोल एवं डीजल में होने वाली मिलावट की जांच की मांग कर रहे हैं।



बताया गया है कि गत शनिवार को ही खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सभी पेट्रोल पंपों की जांच के निर्देश दे दिए है। हर हाल में गुणवत्तायुक्त पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराने के लिए पेट्रोल पंपों की गहन जांच होगी। अगर किसी पंप पर मिलावट या किसी प्रकार की खामियां सामने आएगी तो संबंधित पंप संचालक के खिलाफ कार्रवाई होगी। बताया गया है कि जिलेभर में 250 पेट्रोल पंप संचालित हो रहे हैं।

**इनका कहना है**

कलेक्टर के आदेश पर जांच टीमें गठित कर ली गई है।जिसमें जिला नापतौल विभाग सेल्स आफिसर ऑइल कंपनी के अफसर और जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया था।अब जल्द ही पेट्रोल पंपों की जांच की जाएगी।

- **जेके भावसार,** जिला नापतौल अधिकारी।

**टीम में यह अफसर करने हैं शामिल**

*अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि जिलास्तर पर अलग-अलग विभागों के अफसरों की टीम गठित होगी। इसमें खाद्य आपूर्ति, प्रशासन, नापतौल अधिकारी के साथ ऑयल कंपनी के अफसर भी शामिल रहेंगे। बताया गया है कि शासन ने एक प्रोफार्मा तय किया है, उन सभी बिंदुओं पर जांच की जानी है। इसमें देखा जाएगा कि पेट्रोल पंपों के भूमिगत टैंकों में पानी का रिसाव तो नहीं हो रहा, रिसाव पाया जाने पर उसे रोकने एवं गुणवत्ता को देखा जाएगा। पेट्रोल पंप के नोजल से सही और पूरा डीजल एवं पेट्रोल मिल रहा है या नहीं, पंप पर निःशुल्क हवा, पेय जल की व्यवस्था, महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि सहित अन्य चीजें भी देखी जाएगी।*

---

# सेवाभाव से करें मरीजों का इलाज: सीएमएचओ मांडरे

## जिला अस्पताल का निरीक्षण कर लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार दोपहर को जिला अस्पताल रायसेन का सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। जिला अस्पताल की तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिम्मेदारों को हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में इलाज कराने आने वालें मरीजों का इलाज सेवाभाव के साथ करें। उन्होंने जिला अस्पताल के स्टाफ डॉक्टरों से कहा कि मरीजों और अटेंडरों के साथ नम्रता पूर्वक व्यवहार करें।

इस दौरान सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान, आरएमओ डॉ आलोक राय, मेडिकल ऑफिसर डॉ दीपक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**गंदगी, कीचड़ पर दिखाई नाराजगी**

जिला अस्पताल में निर्माणाधीन बिल्डिंग और निर्माण कार्यों के पीछे फैली गंदगी और कीचड़ पर सीएमएचओ डॉ मांडरे ने अस्पताल प्रबंधन पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गंदगी कीचड़ पर पूरी तरह ध्यान दें और साफ सफाई करवाते रहें। उन्होंने ओपीडी, मेल-फीमेल वार्ड, शिशु रोग वार्ड, सोनोग्राफी कक्ष, पर्चा रूम, दवा वितरण विंडो, लेबर रूम लैब आदि का भी निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का लिया जायजा।

---

# रेलवे ओवरब्रिज पर बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

रेलवे ओवरब्रिज पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक अपनी पत्नी की



मौत के बाद सहायता राशि का आवेदन देने भोपाल गया था, जहां से वापस आते समय रास्ते में हादसे का शिकार हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रेलवे ओवरब्रिज पर गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे



बाइक एमपी 40 जेडएफ 8745 से बांकची गांव गंजबासौदा जा रहे 31 वर्षीय नेतराम अहिरवार पिता चैन सिंह को तेज रफ्तार कार जीजे 18 बीजी 6034 चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। युवक कार में फंस कर 15 से 20 फिट तक घिसटता रहा, जिससे सिर में चोट आने पर मौके पर ही नेतराम कि मौत हो गई। वहीं पुलिस ने कार को सूखी सेवनिया पर पकड़कर थाने में ज़ब्त कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सांची सिविल अस्पताल में भेज दिया है।

**पत्नी की सांप के काटने से हुई थी मौत**

*नेतराम पत्नी कविता और बच्चों के साथ भोपाल में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। 20 अप्रैल को पत्नी कविता को सांप ने डस लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। नेतराम के 2 बेटे और 1 बेटी हैं। नेतराम 2 जुलाई को मोटर साइकिल से बांकची गांव गंजबासौदा जिला विदिशा से भोपाल तहसील में तहसीलदार को पत्नी कविता की सर्प दंश से हुई मौत के मामले में मिलने वाली सहायता राशि का आवेदन देने गया था। 3 जुलाई को वापस अपने घर बांकची गांव जा रहा था। तभी रास्ते मे सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज पर दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान से हाथ धो बैठा।*

---

# सड़क निर्माण पूर्ण ना होने से ग्रामीण परेशान, प्रशासन को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

ग्राम चून्हेटिया के ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण पूर्ण ना होने से आवागमन में परेशानी का मामला उठाते हुए कार्रवाही की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम चुन्हैटिया से सहजपुर के लिए पक्की सड़क स्वीकृत हुई है, उक्त सडक का ठेकेदार द्वारा समय पर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, ठेकेदार द्वारा उक्त सडक मार्ग पर बारिश के समय मिट्टी डालकर काम रोक दिया गया है।

बारिश के समय में ठेकेदार द्वारा डाली गई मिट्टी के कारण रास्ते में बहुत अधिक कीचड हो गई है, जिससे आम राहगीरों, स्कूली बच्चों



व किसानों का प्राचीन प्रचलित एक मात्र मुख्य मार्ग बाधित हो गया है।

किसान अपने कृषि यंत्रों को अपनी कृषि भूमि पर लाना ले जाना नहीं कर पा रहे हैं, जिससे कृषकों के कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं, कीचड अधिक होने से बच्चे पैदल स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। ज्ञापन में निवेदन किया गया है कि उक्त समस्या के निराकरण के लिए वैधानिक कार्यवाही की जाए एवं समय पर रास्ते पर गिट्टी मुरम विछवाई जाए ताकि बरसात के मौसम में आवागमन सुविधाजनक हो सके।

---

# 5 लाख की लागत से बनाई जा रही अंडरग्राउंड नाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

ग्राम पंचायत दीवानगंज द्वारा संतोष सोनी के घर से लेकर तालाब तक अंडरग्राउंड नाली का 5 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। ताकि मोहल्ले के लोगों के लिए कीचड़ से छुटकारा मिल सके।

सरपंच गिरजेश नायक और सचिव रामप्रसाद मालवीय ने बताया कि गांव के कुछ घरों के सामने नाली नहीं बनी हुई थी। यह लोग काफी समय से नाली निर्माण का मांग करते आ रहे थे। नाली नहीं होने के कारण घर का सीवेज का गंदा पानी रास्ते से होकर गुजरता है।

इसी गंदे पानी में से होकर पढ़ने वाले बच्चे और पहाड़ पर स्थित गुफा मंदिर तक भक्त दर्शन के लिए जाते है। बारिश और सीवेज का गंदा पानी हमेशा रोड पर बहता रहता था अब नाली के बन जाने से इन सभी मोहल्ला के लोगों को सीवेज के गंदे पानी से निजात मिलेगी।

---

समस्या: टीनशेड विहीन ग्राम पंचायत गेहलपुर का शमशान घाट

# खुले आसमां तले बारिश में होता है दाह संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बाड़ी

इंसान को जीते जी सुख नहीं मिल रहा, तो मरने के बाद शमशान घाट पर मुर्दो को भी सुकून नहीं मिलता। यह वाक्या ग्राम पंचायत गेहलपुर श्मशान घाट के हालात देखकर यह सवाल जहन में उठ रहा होगा कि शमशान घाट गेहलपुर में टीनशेड विहीन है। ग्रामीणों को शव का दाह संस्कार करने में बारिश के मौसम में खुले आसमान के नीचे काफी जद्दोजहद करना पड़ती है। मनरेगा के तहत जिले भर के मुक्तिधामों का कायाकल्प हो चुका है, लेकिन गेहलपुर शमशान घाट के हालात जस के तस है।

जनपद पंचायत बाड़ी के ग्राम पंचायत गेहलपुर के ग्रामीण भगवान से यह बारिश में प्रार्थना करते हैं कि किसी की मौत न हो। क्योंकि यह का शमशान घाट टीनशेड विहीन है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणजनों को अंतिम यात्रा में परेशानी तो झेलनी पड़ती है और इसके बाद शव के दाह संस्कार में



परेशानी उठानी पड़ती है।

ग्रामीणों ने जनपद पंचात बाड़ी से लेकर ग्राम पंचायत तक आवेदन देकर सड़क और मुक्तिधाम में टीनशेड की समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन इस अनदेखी के वजह से ग्रामीणों को इसका बेवजह खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

### दल दल भरा शमशान का रास्ता

गांव की शमशान घाट की यात्रा जाने वाले मार्ग की हालत बहुत ही नाजुक है अपनी अपनी सुविधा से लोग छलांग लगाते हुए निकल जाते हैं क्योंकि हर व्यक्ति के दिल में अंतिम यात्रा में शामिल होने का एक जुनून होता है यह शमशान घाट पर लोग कैसे खड़े होते हैं परिवार के लोग कैसे अंतिम संस्कार करते हैं यह तो तस्वीर ने आपको बता दिया होगा, जिससे पता चलता है कि गांव की सरकार लोगों के लिए कितनी गंभीर है।

ग्राम पंचायत में लाखों की योजनाएं संचालित होती है गांव की तस्वीर और तकदीर बदलने का वादा किया जाता है लेकिन सब कुछ कागजी घोड़े ही नजर आते हैं। ग्राम पंचायत विकास निधि में अनेक योजनाएं हैं लेकिन योजनाएं कैसे संचालित हो रही हैं काम कैसे हो रहे हैं गांव का मास्टर प्लान क्या है यह कुछ भी नजर नहीं आता।

**इनका कहना है**

यह मामला आपके द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है।मैं इसको गंभीरता से लूंगा।जल्द ही गेहलपुर में मुक्तिधाम में टीनशेड लगवाया जाएगा।

- **दानिश अहमद खान,** जनपद पंचायत सीईओ बाड़ी